पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

------

# राज्यपाल ने जैन मुनि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया

--------

लखनऊ : 18 फरवरी, 2024

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रसिद्ध जैन मुनि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल जी ने अपने शोक संदेश में कहा कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। आध्यात्मिक जागृति के लिए लोगों को दिए गए उनके बहुमूल्य संदेश सदैव याद किए जाएंगे। महाराज जी ने जीवनपर्यंत समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ-साथ गरीबी उन्मूलन में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

राज्यपाल जी ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति हेतु ईश्वर से कामना की है।

--------

कृष्ण कुमार- सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250